**ओ0ए0सं0 200/2014 एम0सी0मेहता बनाम भारत सरकार व अन्य में मा0राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों के अन्तर्गतगंगा नदी के फ्लड प्लेन जोन में बायो डायवर्सिटी पार्क बनाये जाने एवं गंगा नदी के दोनों किनारों पर जनपद बिजनौर से उन्नाव तक फ्लडप्लेन हेतु नो–डेवलप्मेन्ट जोन एवं रेगुलेटरी जोन के चिन्हीकरण किए जाने के सम्बन्ध में**

## अद्यतन स्थिति

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण के उक्त आदेश के अनुपालन में गंगा नदी के दोनों किनारों पर जनपद बिजनौर से उन्नाव तक फ्लड प्लेन हेतु नो–डेवलप्मेन्ट जोन एवं रेगुलेटरी जोन के चिन्हीकरण हेतु खम्भों को लगाया जाना है। सूचनीय है कि रामगंगा संगठन के अन्तर्गत गंगा नदी जनपद बुलन्दशहर के राजघाट रेलवे लाइन से नरौरा होते हुए जनपद कानपुर तक पड़ती है। वर्तमान में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण के उक्त आदेश के अनुपालन में निम्नानुसार कार्यवाही की जा रही हैः–

**जनपद बुलन्दशहर :–**

बुलन्दशहर जनपद के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें बैंक पर 21 किमी0लम्बाई में 244 पिलर्स लगाये जाने प्रस्तावित हैं। तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता, नरौरा प्रखण्ड निचली गंगा नहर, अलीगढ़ द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त कार्य का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिसकी लागत 11.35 लाख है एवं इस कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी जिसमें एकल निविदा प्राप्त होने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की गयी जिसमें दि0 09.07.2020 को निविदा खोली जायेगी।

**जनपद अलीगढ़ :–**

अलीगढ़ जनपद के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें बैंक पर 13 किमी0 लम्बाई में 116 पिलर्स लगाये जाने प्रस्तावित हैं । तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता, नरौरा प्रखण्ड निचली गंगा नहर, अलीगढ़ द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त कार्य का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिसकी लागत 5.75लाख है एवं इस कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी जिसमें एकल निविदा प्राप्त होने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की गयी जिसमें दि0 09.07.2020 को निविदा खोली जायेगी।

**जनपद कासगंज (कांशीराम नगर)** :–

कासंगज जनपद (कांशीराम नगर) के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें बैंक पर 92 किमी0 लम्बाई में 1130 पिलर्स लगाये जाने प्रस्तावित हैं। तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, कासगंज के द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त कार्य का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिसकी लागत 81.01 लाख है एवं इस कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी जिसमें एकल निविदा प्राप्त होने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की गयी जिसमें दि0 02.07.2020 को निविदा खोली जायेगी।

**जनपद फर्रुखाबाद** :–

फर्रुखाबाद जनपद के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें बैंक पर 103 किमी0 एवं बायें बैंक पर 81 किमी0 की लम्बाई में 1541 पिलर्स लगाये जाने प्रस्तावित हैं। तत्क्रम में अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय मण्डल सिंचाई कार्य, कानपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त कार्य का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिसकी लागत 57.50 लाख है एवं निविदा आमंत्रित की गयी जो दिनॉंक 20.06.2020 को प्राप्त हो गयी है अग्रिम कार्यवाही प्रगति में है।

**जनपद कन्नौज** :–

कन्नौज जनपद के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें बैंक पर 57 किमी0 लम्बाई में 841 पिलर्स लगाये जाने प्रस्तावित हैं। तत्क्रम में अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय मण्डल सिंचाई कार्य, कानपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त कार्य का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिसकी लागत 31.50 लाख है एवं निविदा आमंत्रित की गयी जो दिनॉंक 20.06.2020 को प्राप्त हो गयी है अग्रिम कार्यवाही प्रगति में है।

**जनपद कानपुर नगर** :–

कानपुर जनपद के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें बैंक पर 114 किमी0 लम्बाई में 1209 पिलर्स लगाये जाने प्रस्तावित हैं। तत्क्रम में अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय मण्डल सिंचाई कार्य, कानपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त कार्य का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिसकी लागत 45.50 लाख है एवं निविदा आमंत्रित की गयी जो दिनॉंक 20.06.2020 को प्राप्त हो गयी है अग्रिम कार्यवाही प्रगति में है।

अवगत कराना है कि उक्त जनपदों में प्रस्तावित कार्य हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 2252/मु0अ0/रामगंगा/एनजीटी/ दिनॉंक 26.06.2020 द्वारा धन की मांग प्रेषित की गयी है, धनावंटन की प्रत्याशा में निविदा की प्रक्रिया प्रगति में है, धनावंटन प्राप्त होने पर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही करते हुए कार्य सम्पादित कराया जायेगा।

**(गिरीश चन्द्र अग्रवाल)**
**मुख्य अभियन्ता(रामगंगा)**